# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 108 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 4 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## भीलवाड़ा को मिली आधुनिक 10 मीटर शूटिंग रेंज

### सुखाड़िया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुआ भव्य उद्घाटन, खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधा





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

खेल नगरी भीलवाड़ा अब शूटिंग खेल के नए सितारे गढ़ने को तैयार है। शुक्रवार को सुखाड़िया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, चित्तौड़ रोड पर आधुनिक 10 मीटर शूटिंग रेंज का भव्य उद्घाटन हुआ। यह अत्याधुनिक सुविधा जिले के खेल परिदृश्य में मील का पत्थर साबित होगी।

उद्घाटन समारोह में सांसद दामोदर अग्रवाल, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, नगर महापौर राकेश पाठक, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, एनयूएन सचिव ललित गोयल, जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और खेल प्रेमी मौजूद रहे। इस नई रेंज में 2 इलेक्ट्रॉनिक सियूस टारगेट और 14 मैनुअल टारगेट पुली मशीनें स्थापित की गई हैं। इसके चलते अब जिले के निशानेबाज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी यहीं कर सकेंगे। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि यह रेंज आने वाले समय में ओलंपिक और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को तैयार करेगी।

भीलवाड़ा पहले से ही राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर निशानेबाजी में अपनी पहचान बना चुका है। नई सुविधा मिलने से खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए अतिथियों ने कहा कि यह रेंज युवाओं को खेलों से जोड़ने और नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने में भी सहायक होगी।

इस परियोजना को साकार करने में सहायक अभियंता रोहित चौबीसा, सवेदक अमन सोनी और देवेंद्र सिंह का विशेष योगदान रहा। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनके प्रयासों की सराहना की।

## तीन दिन की जद्दोजहद के बाद पिंजरे में कैद हुआ पैंथर, मेडिकल जांच के बाद जंगल में छोड़ा जाएगा



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

डोबिया गांव में पिछले कई दिनों से आतंक मचा रहे पेंथर को आखिरकार वन विभाग ने तीन दिन की मशक्कत के बाद काबू कर लिया। गुरुवार देर रात कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर जब ग्रामीण पिंजरे तक पहुंचे तो वहां पिंजरे में बंद पेंथर देखकर सब दंग रह गए। सुबह होते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पिंजरे को मेनाल इको पार्क ले जाया गया। रेंजर विमल रेगर ने बताया कि 29 सितंबर को ग्रामीणों की सूचना पर पिंजरा लगाया गया था , जिसमे पैंथर को पकड़ने के लिए कुत्ता रखा गया और शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि पेंथर कैद हो चुका है। फिलहाल पैंथर को इको पार्क लाया गया है , जिसका पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा, जिसके बाद उसे जंगल में स्वतंत्र विचरण के लिए छोड़ा जाएगा।

गौरतलब है कि पेंथर फूला सती वन खंड में कई दिनों से देखा जा रहा था और आबादी में घुसकर मवेशियों पर हमला कर रहा था। ग्रामीणों की बढ़ती चिंताओं को देखते हुए वन विभाग ने पिंजरा लगाकर उसे सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। इस दौरान वनपाल नंद सिंह आरोली, वन रक्षक भारमल, लोकेंद्र सिंह पूरावत और वन्यजीव प्रेमी हंसराज अहीर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## 4 साल से फरार 6 इनामी आरोपी गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 4 साल से फरार चल रहे 6 इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी खनन विवाद , मारपीट और हत्या के प्रयास के मामले में वांछित थे। कार्रवाई को पुर पुलिस और डीएसटी टीम ने अंजाम दिया है ।

पुलिस में बताया की 2021 पिथास निवासी लादूलाल गुर्जर ने पुर थाने में मामला दर्ज कराया था और बताया था की

वो अपने भाई के साथ मेजा डेम के पास मिट्टी भराव का काम कर रहा था। तभी करीब 100 से ज्यादा लोग हथियारों से लैस होकर पहुंचे और हमला कर दिया। इस दौरान जेसीबी तोड़ दी गई, मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाई गईं, बाइक और मोबाइल लूट लिए गए। जिसके बाद पुलिस ने मामले में कई आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया लेकिन कुछ आरोपी फरार हो गए थे।

फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। विशेष टीम ने मानवीय आसूचना और पारंपरिक पुलिसिंग से आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में लक्ष्मण जाट, ओमप्रकाश गुर्जर, मोहित उर्फ शेखर, दामोदर गुर्जर,



दिनेश जाट और रोहित माली शामिल हैं। सभी भीलवाड़ा जिले के रहने वाले हैं। इस कार्रवाई में थाना पुर प्रभारी पुष्पा कसोटिया के नेतृत्व में डीएसटी भीलवाड़ा और साइबर सेल की टीम ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

## डीएसटी की बनास नदी में अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्रवाई, 2 जेसीबी और 4 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त





**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद/माण्डलगढ़।**

बनास नदी में अवैध बजरी खनन पर पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान जिले की डीएसटी और स्थानीय पुलिस ने गुप्त रास्तों से नदी में प्रवेश किया और बजरी माफिया के कब्जे में मौजूद 2 जेसीबी, 4 ट्रैक्टर ट्रॉली और 4 बाइक जब्त की। इस कार्रवाई से माफिया में हड़कम्प मच गया और कुछ चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए।

पुलिस ने कार्रवाई बिगोद के बिलिया गांव के पास की, जहाँ लंबे समय से माफिया बड़े पैमाने पर अवैध बजरी खनन और परिवहन कर रहा था। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने पांच किलोमीटर तक गुप्त रास्ते से नदी तक पहुंचकर घेराबंदी की।

पुलिस टीम को देखकर खनन में लगे वाहन भागने लगे, लेकिन सतर्कता के चलते वाहन जब्त कर बीगोद थाने में खड़े करवाए गए । कार्रवाई के दौरान बजरी माफिया ने पुलिस से उलझने की कोशिश भी की, लेकिन टीम ने उन्हें दबोच लिया। थाना प्रभारी जय सुल्तान ने बताया कि खनिज विभाग को सूचित कर वाहनों के मालिक और चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## बिजोलिया में दिनदहाड़े बड़ी चोरी, चौराहे के पास मकान से 3 लाख नगद व जेवरात पार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

कस्बे के इंदिरा कॉलोनी स्थित चौराहे के पास एक मकान में शुक्रवार को दिनदहाड़े चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर के मुख्य गेट और अलमारियों के ताले तोड़कर करीब 3 लाख रुपये नगद व सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। वारदात के बाद सभी कमरों और हॉल में सामान बिखरा पड़ा मिला। घटना ने आसपास के लोगों में दहशत फैला दी है।

पीड़ित हेमंत वैद्य ने बताया कि वह और उनकी शिक्षक पत्नी सरिता सुबह 10 बजे काम पर चले गए थे। उसी मकान में किराए पर रह रहे शिक्षक गिरिराज भी ड्यूटी पर गए हुए थे। दोपहर बाद करीब 4 बजे जब गिरिराज घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा और गेट खुले मिले।सूचना पर मकान मालिक हेमंत वैद्य मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

चोर अलमारी से 2 तोला सोने के टॉप्स, 1 किलो चांदी के जेवर और 3 लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए।

थाना अधिकारी उगमाराम पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पीड़ित की रिपोर्ट पर तलाश शुरू कर दी है।

दिनदहाड़े चौराहे के पास हुई इस बड़ी चोरी की वारदात को लेकर कस्बेवासी दहशत और चिंता में हैं।




'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ


## सगतपुरिया में नाबालिग की संदिग्ध हालात में मौत, जांच में जुटी पुलिस

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण ।**

**दिनेश पारिक ।** थाना क्षेत्र के सगतपुरिया गांव की भील बस्ती में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब 14 वर्षीय बालक भेरू भील की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर लौटने पर मां ने बेटे को फंदे पर लटका पाया तो परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, भेरू पुत्र बद्री भील घर पर अकेला टीवी देख रहा था। इस दौरान परिजन खेत पर गए हुए थे। शाम को मां काली भील लौटी तो उसने बेटे को लकड़ी के डंडे पर फंदे से लटका हुआ देखा। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।



घटना की जानकारी पर थाना अधिकारी महावीर मीणा मय दल मौके पर पहुंचे और एफएसएल टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों की मौजूदगी में कोटड़ी चीरघर पहुंचाया, जहां मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक के पिता बद्री भील ने रिपोर्ट दी कि घटना के समय सभी परिजन खेत पर थे और पुत्र अकेला घर में था। फिलहाल पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए हर पहलू से जांच कर रही है।


# नेशनल हाईवे 158 पर दुर्घटना का खतराः ब्राह्मणों की सरेडी के पास धंसी सड़क बनी जानलेवा

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

आसींद ब्यावर-भीलवाड़ा हाईवे ( हा॥ 158 ) पर ब्राह्मणों की सरेडी बाईपास के पास एक बड़ा हादसा होने का खतरा मंडरा रहा है। यहां अंडर ब्रिज के दोनों किनारों पर सड़क बुरी तरह से धंस गई है । जिससे यह क्षेत्र दुर्घटना संभावित बन गया है। इस लापरवाही और अनदेखी के चलते स्थानीय लोगों और तेज गति से गुजरने वाले वाहनों के ड्राइवरों की जान जोखिम में है। तेज रफ्तार वाहनों के लिए खतरा राष्ट्रीय राजमार्ग 158 पर वाहनों की आवाजाही लगातार तेज गति से होती है। ऐसे में धंसी हुई सड़क से गुजरने पर वाहन चालक अपना नियंत्रण खो सकते हैं, जिससे गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। यह स्थिति खास तौर पर रात के समय और भी खतरनाक हो जाती है, जब खराब सड़क दिखाई नहीं देती।

### हाइवे ओथॉरिटी और प्रशासन की अनदेखी

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की हालत काफी समय से खराब है, लेकिन हाइवे ओथॉरिटी या प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस तरह की लापरवाही भविष्य में किसी



बड़े हादसे का कारण बन सकती है। यह महत्वपूर्ण है कि इस समस्या को तुरंत ठीक किया जाए ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# खजीना में खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे शिक्षा मंत्री दिलावर

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव) - कस्बे के निकटवर्ती खजीना गांव के राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में 5 अक्टूबर, रविवार से संभाग स्तरीय उच्च प्राथमिक एवं वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय 14 वर्ष व 19 वर्ष छात्रा वर्ग की क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू होगी।

इस प्रतियोगिता का उद्घाटन राजस्थान सरकार के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर करेंगे। दिलावर सुबह 10-15 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, जिला प्रमुख बरजी देवी भील, उप जिला प्रमुख शंकर लाल गुर्जर, जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता में छात्राओं के बीच विभिन्न खेलकूद स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा और विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

# विश्व हिंदू परिषद द्वारा 70 स्थानों पर दुर्गावाहिनी स्थापना दिवस और शस्त्र पूजन कार्यक्रम किया आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल महानगर ने शहर के सातों प्रखंडों में 70 से अधिक स्थानों पर दुर्गावाहिनी स्थापना दिवस और शस्त्र पूजन व अखाड़ा प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए। महानगर प्रचार प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने बताया कि शस्त्र पूजन से भगवान राम की रावण पर विजय और देवी दुर्गा द्वारा महिषासुर वध की स्मृति जीवित रहती है। यह पर्व शक्ति, विजय और आत्मरक्षा का संदेश देता है।

महानगर मंत्री ओम प्रकाश लड्डा ने शस्त्र पूजन का महत्व और लव जिहाद जैसे सामाजिक विषयों पर विचार रखे। दुर्गावाहिनी सह



संयोजिका कलावती सोनी ने हर घर में एक शस्त्र रखने का आह्वान करते हुए कुटुम्ब प्रबोधन और नशा मुक्ति के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

भीलवाड़ा महानगर में शस्त्र पूजन और कन्या पूजन के कार्यक्रम आदर्श नगर, नेहरू विहार, तिलक नगर, सिद्धिदात्री मंदिर, हंसमुखी बालाजी मंदिर, शिव मंदिर अरिहंत विहार, देवनारायण मंदिर चंद्रशेखर आज़ाद नगर, शिव मंदिर पथिक नगर और अन्य स्थानों पर आयोजित किए गए। कार्यक्रम में प्रांत स्तर से ओम प्रकाश बुलिया, विनीत द्विवेदी, अखिलेश व्यास और विभाग से विजय ओझा, सोनाली जांगिड, लक्ष्मी वर्मा तथा महानगर से मुकेश प्रजापत, पवन ठाकुर, हितेश नाथ, घनश्याम खंडेलवाल, सुशील सुवालका, पवन गुर्जर, योगेश सोनी, सौम्य मेहता, निलेश सोनी, सुमित खंडेलवाल, रवि सोनी, संजय सेन, सतु बजरंगी, कलावती सोनी, अंजू, मंजू, पुष्पांजलि, कोमल, पुष्पा, काजल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मांडल में दिनदहाड़े चोरी, चोर ने मकान मालिक पर किया हमला

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल



कस्बे में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक मकान में चोरी की वारदात के दौरान चोर ने मकान मालिक पर हमला कर दिया। घटना में मालिक गंभीर रूप से घायल हो गया , जिसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, वही आरोपी मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, मांडल निवासी रामलाल पुत्र मोहन खाती अपने पड़ोसी के घर दाह संस्कार से लौटकर घर पंहुचा था तो देखा कि भीतर चोर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा है। शोर मचाने पर चोर ने लोहे की सरिए से सिर पर वार कर दिया और घर के अंदर बंद कर बाइक से फरार हो गया। घटना की सूचना पर परिजनो में मौके पर पहुँच , गंभीर घायल को उपजिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार जारी है। घटना की सूचना पर मांडल थाना पुलिस ने मौका मुआयना किया है, फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# बनास नदी में मशीनी खनन से भड़के ग्रामीण, डंपर रोककर जताया आक्रोश , रोजगार की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। मेवाड़ की गंगा कही जाने वाली बनास नदी में आकोला के पास बजरी लीज शुरू होते ही विवाद खड़ा हो गया। शुक्रवार को ग्रामीणों ने लीजधारक कंपनी द्वारा जेसीबी और एलएनटी मशीनों से खनन करने पर जमकर विरोध जताया और डंपर रुकवाकर नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मशीनों से खनन करना नियमों के खिलाफ है और इससे न सिर्फ नदी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो रहा है, बल्कि चारागाह भूमि भी नष्ट हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि लीजधारक महादेव एन्क्लेव प्राइवेट लिमिटेड की मनमानी लगातार बढ़ती जा रही है। कंपनी के कर्मचारी पत्थर डालकर पानी





का बहाव रोक रहे हैं और मशीनों से बजरी निकाल रहे हैं, जबकि उच्च न्यायालय द्वारा नदी में जेसीबी व एलएनटी मशीनों से खनन पर सख्त पाबंदी लगाई गई है।

चांदगढ़ देवनारायण मंदिर पर आयोजित बैठक में चांदगढ़, आकोला, जीवा का खेड़ा, दोवनी, खजीना, होलीरड़ा, गेगा का खेड़ा और बड़लियास सहित आसपास के गांवों के लोग एकत्र हुए और बड़लियास थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मांग रखी कि लीजधारक नियमानुसार खनन करे, रॉयल्टी राशि निर्धारित दर पर जमा करे और स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराए। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि चारागाह भूमि पर जगह-जगह रास्ते बनाकर घास बर्बाद कर दी गई है, जिससे मवेशी भुखमरी की कगार पर पहुंच रहे हैं। तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए बड़लियास थाना प्रभारी देवराज सिंह जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति पर नजर बनाए रखी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि नियमों की अनदेखी जारी रही तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# डेलाणा में देर रात भयंकर आग, किसान का घर राख, लाखों का हुआ नुकसान



भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।

उपखंड क्षेत्र के डेलाणा गांव में गुरुवार रात अचानक लगी भीषण आग ने किसान का पूरा मकान चपेट में ले लिया। हादसे में नकद रुपए, दस्तावेज, अनाज और घरेलू सामान जलकर राख हो गया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय पूरा परिवार गांव से बाहर था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

रात करीब 10.30 बजे ग्रामीणों ने किसान भैरूलाल जाट के मकान से धुआं उठता देखा तो शोर मचाया। लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और ताला तोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लपटों ने घर का अधिकांश सामान राख कर दिया।

आगजनी में करीब 1 लाख 8 हजार रुपए नकद, महत्त्वपूर्ण कागजात, 10-12 बोरी गेहूं और खेती का अन्य सामान नष्ट हो गया। अचानक हुई इस घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को शीघ्र राहत और मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# सहकारी कर्मचारियों का मांडल में बहिष्कार, शिविर ठप

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल ।



तहसील क्षेत्र में सहकारिता विभाग द्वारा चलाए जा रहे शिविरों का शुक्रवार को कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने पूर्ण बहिष्कार किया। सहकारी समितियों से जुड़े कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतर गए हैं और मांगें न माने जाने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया है।

जिला उपाध्यक्ष कमल सिंह चुंडावत ने बताया कि लंबे समय से लंबित मांगों में वेतनमान सुधार, समय पर प्रमोशन, स्थायीकरण आदेशों का पालन और विभाग में अनियमितताओं का समाधान शामिल हैं। हड़ताल के कारण बावड़ी और घोड़ास सहकारी समितियों में कार्य बाधित हुए, जिससे किसान और उपभोक्ता प्रभावित हुए।

चुंडावत ने चेतावनी दी कि सरकार ने शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।




## QUICK BITES

### कोटड़ी चारभुजा नाथ मंदिर में श्रद्धालु ने धर्मशाला निर्माण के लिए 3.5 लाख की भेंट दी


भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण ।



**दिनेश पारीक ।** मेवाड़ अंचल के प्रसिद्ध आस्था स्थल कोटड़ी चारभुजा नाथ मंदिर में शुक्रवार को एक श्रद्धालु ने मंदिर परिसर में निर्माणाधीन धर्मशाला के एक कमरे के निर्माण हेतु 3.51 लाख रुपये की राशि भेंट की। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि यह भेंट माण्डलगढ़ के नामधराणी परिवार द्वारा स्वर्गीय यशवंत कुमार नामधराणी की पुण्य स्मृति में की गई। इस अवसर पर पिता भंवरलाल नामधराणी, माता शांता देवी और भ्राता दीपक कुमार नामधराणी उपस्थित रहे।
मंदिर ट्रस्ट ने भेंटकर्ता का सम्मान करते हुए उन्हें पारंपरिक उपर्णा पहनाकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ट्रस्ट सचिव श्याम सुंदर चेचाणी, सामाजिक कार्यकर्ता राकेश काबरा, पुरुषोत्तम छापरवाल और नाथु लाल गुर्जर भी मौजूद रहे ।

### शरद पूर्णिमा पर होगा हनुमानजी मंदिर में भव्य भोग एवं आरती कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



शहर के मुख्य डाकघर के पास स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में सोमवार को शरद पूर्णिमा बड़े उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाई जाएगी।
मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने की संभावना है, क्योंकि इस अवसर पर हनुमानजी महाराज की प्रतिमा पर विशेष श्रृंगार किया जाएगा और मध्यरात्रि में विशेष आरती के बाद खीर प्रसाद का भोग लगाया जाएगा।
मंदिर के महंत श्री बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में भक्त शिवम शर्मा के सहयोग से 301 लीटर दूध की खीर तैयार की जाएगी।
मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी महावीर अग्रवाल, सांवरमल बंसल और रमेश बंसल ने बताया कि मध्यरात्रि 12 बजे आरती के बाद खीर का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नज़र ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# भाजपा चलाएगी 90 दिन का आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान

## 25 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक होंगे विविध आयोजन, स्वदेशी अपनाने का आह्वान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत लक्ष्य को साकार करने के लिए देश को आत्मनिर्भर बनाना होगा। यह बात सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल ने शुक्रवार को जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने बताया कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 25 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक चलेगा, जिसके जरिए स्वदेशी उत्पाद और जीवन मूल्यों को अपनाने पर जोर रहेगा। अग्रवाल ने कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता की झलक कोरोनाकाल में स्वदेशी वैक्सीन और स्वदेशी हथियारों से पूरी दुनिया देख चुकी है। अब अभियान के माध्यम से हर नागरिक को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया जाएगा। अभियान के तहत व्यापारी सम्मेलन, उद्योग सम्मेलन, प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक, मेले, महिला उद्यमी सम्मेलन, स्कूल-कॉलेज कार्यक्रम और सोशल मीडिया हस्ताक्षर अभियान आयोजित किए जाएंगे। त्यौहारों पर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और दीयों के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर भी जोर रहेगा। उन्होंने बताया कि केंद्र से आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ जिले में आएगा, जो गांव-गांव जाकर प्रचार करेगा। हजारों की संख्या में स्टीकर और साहित्य वितरित किए जाएंगे, ताकि लोगों में जागरूकता फैले। प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सेवा पखवाड़े के सफल आयोजनों का उल्लेख किया। इस दौरान जिला संयोजक विशाल गुरुजी, जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शाहपुरा में निजी विद्यालय संचालकों ने एसएचओ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



**मूलचन्द पेसवानी ।** भरतपुर में शुक्रवार को हुई घटना के विरोध में क्षेत्र के निजी विद्यालय संचालक शुक्रवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे और थाना प्रभारी एसएचओ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। संचालकों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में स्कूल शिक्षा परिवार के अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा, शिवकुमार छिपा, इलियास खान, शिवप्रकाश रेगर, विजय राजौरा, अजय सिंह, परमेश्वर सुथार, हरिशंकर नायक, जगदीश सिंह राजपूत सहित अन्य प्रमुख विद्यालय प्रतिनिधि शामिल रहे । संचालकों ने कहा कि घटना से शिक्षा जगत की सुरक्षा और गरिमा पर प्रश्नचिह्न लगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी की लापरवाही और उदासीन रवैये के कारण शिक्षक और विद्यालय परिवार असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि यह मांग केवल किसी एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा जगत के सम्मान और सुरक्षा के लिए है। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की अपील की और चेताया कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो जिलेभर में निजी विद्यालयों में शिक्षण कार्य का बहिष्कार और चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। उपखंड अधिकारी सुनील मीणा ने संचालकों की बात गंभीरता से सुनकर उन्हें आश्वासन दिया। ज्ञापन देने के बाद संचालकों ने मीडिया से कहा कि वे न्याय की माँग के लिए पीछे नहीं हटेंगे और प्रशासन से ठोस कदम की प्रतीक्षा करेंगे।

# भगवान परशुराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य शुभारंभ

## पहले दिन 11 जोड़ों ने दी हवन आहुतियां, मंत्रोच्चार से गुंजा माहौल

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचन्द पेसवानी ।** भीलवाड़ा रोड स्थित नवनिर्मित सर्किल पर नगर पालिका एवं विप्र सेना सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित भगवान श्री परशुराम जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन शुक्रवार को भव्य हवन-पूजन के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं और समाजजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। महोत्सव के पहले दिन अभिजीत मुहूर्त में मंडल पूजन और मूर्ति वास का आयोजन हुआ। भीलवाड़ा से पधारे पंडित योगेंद्र शर्मा ने विधिपूर्वक हवन और पूजन कराया। इस दौरान सर्व ब्राह्मण समाज के 11 जोड़ों ने हवन कुंड में आहुति अर्पित की। हवन और मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्ति और आस्था से सराबोर रहा। रात्रि में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महोत्सव के दूसरे दिन सुबह मूर्ति पूजन और हवन के साथ भगवान परशुराम की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान और दोपहर 3.15 बजे सहस्त्रधारा अभिषेक होगा। रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन होगा। रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी और अभिजीत मुहूर्त में अखिल भारतीय निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्रीजी महाराज श्यामशरण जी महाराज प्रतिमा का अनावरण करेंगे। नगर पालिका और



विप्र सेना के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह महोत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि समाज को एकता, सांस्कृतिक धरोहर और युवाओं में आदर्शों से जुड़ने की प्रेरणा देने का अवसर है। आयोजकों ने मंच सजावट, विद्युत व्यवस्था, जलपान और प्रसादी वितरण जैसी सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा है। श्रद्धालुओं ने कहा कि यह महोत्सव पूरे नगर में धार्मिक और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने के साथ युवाओं को भक्ति और सेवा की ओर प्रेरित कर रहा है। तीन दिनों तक प्रतिदिन सुबह और शाम धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# शाहपुरा में संघ के 100 वर्ष - शताब्दी उत्सव व विजयादशमी कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न





भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचन्द पेसवानी ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर स्वयंसेवक संघ शाखा ने शुक्रवार को महाविद्यालय प्रांगण में भव्य शताब्दी समारोह, विजयादशमी उत्सव और शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठ स्वयंसेवकों और मातृशक्ति की भी भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता मंच पर रखे अस्त्र-शस्त्रों की पूजा और शस्त्र पूजन से हुई। इसके बाद संघ के स्वयंसेवकों ने ध्वजारोहण किया और संघ प्रार्थना का गायन कर ध्वज को प्रणाम किया। अध्यक्षता महंत सीताराम बाबा ने की, जिन्होंने कहा कि संघ में ही शक्ति है और उद्देश्य राष्ट्र सेवा है। मुख्य अतिथि संत रामजस रामस्नेही महाराज ने कहा कि संघ का स्वयंसेवक राष्ट्र की सेवा को सर्वोपरि मानता है। प्रांतीय प्रमुख भारत भूषण ओझा ने संघ की स्थापना 1925 और इसके मार्गदर्शन पर प्रकाश डालते हुए संघ की 100 वर्षीय प्रेरक यात्रा की झलक दी। कार्यक्रम में छोटी बच्चियों द्वारा प्रस्तुत भारत माता की झांकियों, भजन सम्राट प्रकाश दास का संदेश, मंच संचालन और आभार प्रदर्शन के साथ आयोजन संपन्न हुआ। वक्ताओं ने कहा कि संघ का उद्देश्य केवल शाखाओं का विस्तार नहीं, बल्कि समाज में राष्ट्रीयता, संस्कृति और एकता का जागरण करना है।

# रामलीला का हुआ भव्य समापन, धर्म और संस्कृति का संदेश दिया





**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

कस्बे में चल रहा रामलीला का कार्यक्रम गुरुवार रात भव्य धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन की झांकी और रामायण जी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

धीरज गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि राम और रावण, कृष्ण और कंस समान राशि के थे, लेकिन अपने कर्मों से एक देवता और दूसरा दानव बना। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे रामायण से प्रेरणा लेकर समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति तभी सार्थक होती है जब उसमें सेवा और सत्य का भाव हो, और रामराज्य की तरह न्याय, समानता और भाईचारे का माहौल हो। उन्होंने जोर दिया कि समाज में नफरत और विभाजन नहीं, बल्कि प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए।

समापन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला-पुरुष और युवा उपस्थित रहे। मंच पर रामचरितमानस के प्रसंगों को जीवंत झांकियों और नाट्य रूपांतरण के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। पूरा वातावरण जय श्रीराम और हनुमान जी की जय के नारों से गूंज उठा।

# मांडलगढ़ में कवि सम्मेलन, हास्य और व्यंग्य से गूंजा दशहरा मैदान

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

दशहरा मैदान में चल रहे तीन दिवसीय दशहरा महोत्सव के तहत गुरुवार रात नगर पालिका की ओर से भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक गोपाल खंडेलवाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि पालिका अध्यक्ष संजय डांगी ने अध्यक्षता की।

कवि सम्मेलन का शुभारंभ उप पुलिस अधीक्षक बाबूलाल विश्नोई, थाना प्रभारी घनश्याम मीणा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, पूर्व अध्यक्ष अर्जुन ब्रह्मभट्ट, पार्षद अनीता सुराणा, लादू खटीक, नीलकमल पटवा, अशोक जाट, भाजपा जिला मंत्री जमनालाल सेन, जिला परिषद सदस्य हरीलाल जाट और ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

संजीव सजल ने गणेश वंदना से सम्मेलन का आगाज किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष सुखवाल ने किया। इस दौरान कवि दीपक पारीक ने पंक्तियों गम हो




कितना भी छुपाने में मजा आता है, क्या करूं हंसने-हंसाने में मजा आता है प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं।


कवि सम्मेलन में सुदीप भोला भदावर, लोकेश महाकाल, मोनिका देहलवी, मुन्ना बैटरी, अर्जुन अल्हड़, शालू सांखला और संजीव सजल सहित कई कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को गुदगुदाया और मंत्रमुग्ध कर दिया।

# आरएसएस स्थापना दिवस पर सवाईपुर में हुआ विजयादशमी उत्सव व शस्त्र पूजन

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिगोद खंड के सवाईपुर मंडल में शुक्रवार शाम संघ के स्थापना दिवस पर विजयादशमी उत्सव और शस्त्र पूजन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक और ग्रामीण मौजूद रहे।

इस अवसर पर भीलवाड़ा महानगर छात्रावास कार्य प्रमुख दिनेश शर्मा का सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि



संघ अपने शताब्दी वर्ष पर पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। इसका उद्देश्य समाज को इतना सक्षम बनाना है कि वह आने वाले हर संकट का सामना स्वयं कर सके।

कार्यक्रम के दौरान संघ के शताब्दी वर्ष 1925 से 2025 की झलक प्रस्तुत की गई। गौरतलब है कि आरएसएस की स्थापना विजयादशमी के दिन 1925 में हुई थी और 2025 में इसके 100 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं।

# महुआ में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ**

**(महावीर वैष्णव)।** कस्बे की ग्राम पंचायत परिसर में शुक्रवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

शिविर में उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और सरपंच कमला देवी



खटीक सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

शिविर में किसानों को फार्मर आईडी, फसल बीमा पॉलिसी का वितरण, फसल खराबे की सूचना दर्ज, 12 पट्टों का वितरण, 5 किसानों के नाम जमीन शुद्धिकरण और पशु बीमा पॉलिसी वितरण जैसी सेवाएं दी गईं।

## भारत जानो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को भारत जानो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसे कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर रखा गया। प्रतियोगियों ने मोबाइल के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर देकर अपने ज्ञान का लोहा मनवाया।

प्रतियोगिता में 21 विद्यालयों की टीमो ने भाग लिया । वरिष्ठ वर्ग में ज्योति सेकेंडरी स्कूल और कनिष्ठ वर्ग में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, कुंड गेट ने पहला स्थान हासिल किया। विजेता टीमें 5 अक्टूबर को भीलवाड़ा में आयोजित प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता में सावर का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम का संचालन पंकज और शिखा ने किया, जबकि प्रांत संपर्क प्रमुख रजनीकांत ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।

## डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर समेत 51 विभूतियों को राष्ट्रीय शिक्षक गौरव सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

अंतरराष्ट्रीय संगठन वूमेन पावर सोशलिटी फाउंडेशन द्वारा जयपुर में आयोजित समारोह में भीलवाड़ा की बेटी और प्रिंसिपल डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर सहित देशभर की 51 विभूतियों को राष्ट्रीय शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि आईएएस टीकमचंद बोहरा ने कहा कि परिवार और समाज में नारी का योगदान अपरिहार्य है और सभी की प्रथम गुरु मां स्वरूप नारी ही है। संस्था के राष्ट्रीय संयोजक संतोष कुमार ने




फाउंडेशन की गतिविधियों और आगामी नारी शक्ति बंधन सम्मान 2025 कार्यक्रम की जानकारी दी।

कार्यक्रम में राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से समाजसेवी और प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## QUICK BITES

### राशन कार्ड आवेदन में अवैध वसूली, ई-मित्र संचालकों ने ज्ञापन सौंपा

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण ।**



**दिनेश पारीक ।** उपखंड क्षेत्र में राशन कार्ड से जुड़ी प्रक्रियाओं के दौरान पंचायत समिति के कर्मचारियों पर अवैध वसूली का आरोप लगा है। शुक्रवार को दर्जनों ई-मित्र संचालकों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

ई-मित्र संचालकों का कहना है कि नए राशन कार्ड आवेदन जमा कराने के बाद भी कर्मचारियों ने आवेदकों से 50 से 200 रुपये तक वसूले। बिना पैसे देने पर कार्ड रिजेक्ट या वापस भेज दिया जाता है। इसके अलावा, कार्यालय के बाहर ई-मित्र संचालकों का प्रवेश निषेध कर दिया गया है और विरोध करने पर उन्हें भगा दिया जाता है।

संचालकों ने अवैध वसूली रोकने और ग्रामीणों एवं ई-मित्र संचालकों को राहत देने की मांग की। इस दौरान ई-मित्र संघ कोटड़ी के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा सहित दर्जनों संचालक मौजूद रहे।

### लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करें अधिकारी : कलेक्टर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा कर अधिकारियों को शीघ्र और प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि निस्तारण रिपोर्ट के साथ संबंधित फोटो, वीडियो या आवश्यक दस्तावेज संलग्न किए जाएं, ताकि पारदर्शिता और संतुष्टि स्तर बेहतर हो सके। उन्होंने मुख्यमंत्री जनसुनवाई सिस्टम, डेली न्यूज मॉनिटरिंग और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा कर अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही और बेहतर परिणामों के लिए निर्देशित किया। बैठक में एडीएम रणजीत सिंह, एसडीएम अक्षत सिंह सहित जिले के सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### सोलीवाल बने मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**



मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की बैठक स्वर्णकार मंदिर शिव मंदिर में आयोजित हुई। वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में समाज ने नए पदाधिकारियों का चयन किया। प्रभुलाल सोलीवाल को अध्यक्ष, ओम प्रकाश बुकण को उपाध्यक्ष और सुरेश चन्द्र सोलीवाल को कोषाध्यक्ष तथा शिवराज खजवाणिया को मंत्री चुना गया।

इस अवसर पर परसराम सोलीवाल, खुबीलाल सोलीवाल, सुरेश डसाणिया, भागीरथ तुनगर, शंकर लाल, जगदीशचंद्र, श्याम सुंदर, विष्णु, सत्यनारायण उदावत, अभिषेक, नितेश, दीपक, विवेक, महेश, मनीष सहित समाज के अन्य बंधु उपस्थित रहे।

### मनोकामना पूर्ण हनुमान जी को छप्पन भोग, प्रधान बेलवा ने किया सीसी चौक का लोकार्पण

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)** - बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत के चावंडिया गांव में दशहरा के अवसर पर श्री मनोकामना पूर्ण हनुमान जी महाराज के प्रांगण में छप्पन भोग का आयोजन किया गया। पुजारी शंकर लाल बेरवा ने बताया कि महा आरती के बाद छप्पन भोग प्रसादी भक्तों में वितरित की गई। इस अवसर पर 1008 श्री बालक दास जी महाराज भी उपस्थित रहे।

साथ ही कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा ने हनुमान जी प्रांगण में सीसी चौक निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, उपाध्यक्ष भाजपा कोटड़ी सुभाष चंद्र ओझा, समाजसेवी शंकरलाल जाट सहित कई लोग उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।